**खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे)**: (क) और (ख). जी नहीं। दिल्ली में राशन की दुकानों पर घटिया किस्म के खाद्यान्न नहीं दिये जा रहे हैं। सरकार के पास देशी गेहूं का स्टाक न होने के कारण इस समय देशी गेहूं नहीं दिया जा रहा है।

(ग) देशी गेहूं का पर्याप्त स्टाक तैयार होने पर राशन की दूकानों से उस किस्म का गेहूं दिया जाएगा।

**बिहार में कृषि विश्वविद्यालय**

2188. **श्री सिद्धेश्वर प्रसाद:**
**श्री विश्वनाथ पाण्डेय:**
**श्री प्र० म० सोलंकी:**

क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या बिहार में एक कृषि विश्वविद्यालय खोलने के संबंध में कोई कार्यवाही की गयी है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्योरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो बिहार की इस दृष्टि से उपेक्षा करने के क्या कारण हैं?

**खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिंदे)**: (क) जी, हां।

(ख) बिहार सरकार राज्य में एक कृषि विश्वविद्यालय स्थापित करने के प्रश्न पर विचार करती रही है। राज्य स्तर के दो अधिकारी लुधियाना, जबलपुर तथा बंगलोर को भेजे गए थे ताकि वे वहां के कृषि विश्वविद्यालयों की कार्यपद्धति का अध्ययन करें और रिपोर्ट दें। अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत की गई रिपोर्ट पर बिहार सरकार विचार कर रही है। तब तक योजना के ब्यौरे को तैयार करने के लिये विशेष अधिकारी की नियुक्ति पर विचार हो रहा है। राज्य की चौथी प्लान योजना में कृषि विश्वविद्यालय के लिए 75.00 लाख रुपये की व्यवस्था की गई है। योजना पर राज्य सरकार सक्रिय रूप से विचार कर रही है।

(ग) प्रश्न ही नहीं होता।

**Canadian Food Aid to India**

2189. **Shri P. Parthasarathy:**
**Shri D. C. Sharma:**
**Shri Kameshwar Singh:**
**Shri A. Sreedharan:**
**Shri K. M. Madhukar:**
**Shri Atam Das:**

Will the Minister of **Food and Agriculture** be pleased to state:

(a) whether the Government of Canada has promised to give $104 million Canadian food aid to India during the current year;

(b) if so, the details thereof; and

(c) when the first consignment is likely to be received?

**The Minister of State in the Ministry of Food, Agriculture, Community Development and Cooperation (Shri Annasaheb Shinde)**: (a) to (c). In November, 1966, the Government of Canada gave Special Food Aid to India worth Canadian $21 million with which 1,56,000 tonnes of wheat, 33,400 tonnes wheat flour and 10,100 tonnes milk powder are being supplied to India. The entire quantity of wheat and milk powder and some quantities of wheat flour have already been received. The balance of wheat flour is expected to arrive in another month or so.

The Canadian Government have also given further food aid of $80 million in March, 1967. With these

funds, about 590 thousand tonnes of wheat will be supplied The entire quantity is expected to arrive in India by August, 1967

**बिहार मे पर्यटक महत्व के स्थान**

2190. श्री सिद्धेश्वर प्रसाद
श्री कामेश्वर सिंह
श्री निहाल सिंह :
श्री श्रीचरन :
श्री शिवपूजन शास्त्री
श्री शिवचन्द्र झा :

क्या पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) बिहार म पर्यटक महत्व के स्थानो का, विशेषकर राजगीर, नालंदा, पावापुरी और बोध गया का विकास करने के लिय अब तक क्या कार्यवाही की गयी है,

(ख) चालू वर्ष म पर्यटक स्थानो के विकास के लिये क्या कार्यवाही की गई है, और

(ग) आगामी पांच वर्षो के लिय क्या योजना बनाने का विचार है?

**पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन मंत्री (डा० कर्ण सिंह)** (क) बिहार म पर्यटक महत्व के स्थानों पर पर्यटन सुविधाओ की व्यवस्था करने के लिय निम्नलिखित उपाय किय गए है

(1) राजगीर मे एक पर्यटक शाला का निर्माण किया जा रहा है (2) राजगीर मे एक चेयरलिफ्ट स्थापित की जा रही है, (3) 1956 मे बनाये गये पर्यटक बगले (श्रेणी I) की आवास व्यवस्था का विस्तार किया जा रहा है। पावापुरी और नालन्दा में अभी तक कोई पर्यटन योजनाए आरम्भ नहीं की गयी है।

(ख) चालू वित्तीय वर्ष के दौरान चौथी पचवर्षीय योजना के भाग 2 के अन्तर्गत निम्नलिखित स्कीमे आरम्भ करने का प्रस्ताव है —

(i) राजगीर मे पर्यटक शाला का पूरा किया जाना,

(ii) राजगीर मे चेयरलिफ्ट के स्थापन कार्य का पूरा किया जाना,

(iii) बरही (हजारीबाग क्षेत्र) मे एक मोटल का निर्माण और

(iv) नालन्दा मे एक पर्यटक स्वागत केन्द्र का निर्माण।

(ग) इनको राज्य सरकारो से परामर्श करके अभी अन्तिम रूप दिया जाना है।

**महेशी स्टेशन-सीतामढ़ी रोड**

2191. श्री क० मि० मधुकर : क्या परिवहन तथा नौवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या रक्षा प्रयोजना सीमा सडक के विकास सबधी योजना के एक अग के रूप मे जिला चम्पारन के महेशी स्टेशन तथा बाजार होकर सीतामढी के बीच एक सीधा सपर्क स्थापित करने हेतु एक सडक का निर्माण करने की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है,

(ख) क्या यह भी सच है कि इन सडक के निर्माण के लिये एक प्रारम्भिक सर्वेक्षण किया जा चुका है,

(ग) यदि हा, तो इसका निर्माण, कार्य चालू करने के लिये क्या कार्यवाही की जा रही है, और

(घ) यदि नही, तो विलम्ब के क्या कारण है?

**परिवहन तथा नौवहन मंत्री (डा० वी० के० आर० वी राव)** : (क) जी नही। यह सडक बन जाने के बाद एक राज्य सडक होगी। अत इस परियोजना से